गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के परिसर की स्थापना

8393. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने वर्ष 1992-93 से 1994-95 तक किन-किन प्रदेशों के कितने विश्वविद्यालयों को उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत अन्य स्थानों में शैक्षिक परिसर स्थापित करने की अनुमति दी है तथा उनके राज्य-वार नामों के ब्यौरे क्या हैं तथा इस तरह किन-किन स्थानों के संबंध में अनुमति दी गई है;

(ख) मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिले में स्थापित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर को जशपुर नगर (रायगढ़ जिला) में स्थापित करने हेतु प्रस्ताव कब प्राप्त हुआ तथा उसे अब तक स्वीकृति न दिए जाने के क्या कारण है; और

(ग) उक्त परियोजना का ब्यौरा क्या है तथा जनजातीय बहुल क्षेत्र जशपुर नगर में इस विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिसर को स्थापित करने की अनुमति दिए जाने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, 1992-93 से 1994-95 की अवधि के दौरान अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत अन्य स्थानों पर स्नातकोत्तर केन्द्रों/कैम्पसों की स्थापना के लिए, आयोग ने निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के प्रस्ताव अनुमोदित किये है :—

राज्य	विश्वविद्यालय का नाम	स्नातकोत्तर केन्द्र/ कैम्पस का स्थान	टिप्पणी
आंध्र प्रदेश	श्री कृष्ण देवराया विश्वविद्यालय, अनंतपुर	कुरनूल	(पहले यह श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के अधीन थी)
हरियाणा	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र	हिसार एवं सिरसा	
महाराष्ट्र	शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर	शोलापुर	
कर्नाटक	मैंगलोर विश्वविद्यालय, मंगलोर	मदिकेरी	
तमिलनाडु	मद्रास विश्वविद्यालय, मद्रास	वैल्लोर	

(ख) गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से ऐसा कोई प्रस्ताव आयोग को प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।